नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय
## जंगल धूसड़, गोरखपुर

स्थापित 2005 ई.

मो. 7897475917, 9794299451

Website : www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक................................ दिनांक : 06.08.2022

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आजादी के **अमृत महोत्सव** के अन्तर्गत गृह विज्ञान विभाग द्वारा मनाये जा रहे 01 से 07 अगस्त तक विश्व स्तनपान दिवस समारोह के छठवें दिन कामकाजी महिलाओं हेतु स्तनपान प्रबन्धन विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट वक्ता ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में महिलायें घर के साथ–साथ बाहर की जिम्मेदारियों का भी ध्यान रखती है ऐसी स्थिति में कामकाजी महिलाओं के लिए आवश्यक है कि वे शिशु के स्तनपान का उचित प्रबन्ध कर सकें। प्रबन्धन के तरीकों से अवगत कराते हुए उन्होंने बताया कि ऑफिस या काम के जगह पर फिडिंग रूम की व्यवस्था की जा रही है जिससे महिलायें समय–समय पर स्तनपान करा सकें। दूध का संरक्षण करने के लिए मिल्क बैंक की व्यवस्था भी की गयी है। जिसके द्वारा माँ के काम पर रहने पर भी बच्चे का पोषण सुचारू रूप से हो सके। प्रबन्धन के अन्तर्गत डॉ. रीता मिश्रा ने बताया कि ब्रेस्ट मिल्क को पम्प करके चार से छः घण्टे तक संरक्षित करके फ्रीज में भी रखा जा सकता है और प्रयोग हेतु गरम पानी में बॉटल को डालकर गर्म करके शिशु को पिला सकते हैं माँ के दूध को सीधे ही गर्म नहीं करना चाहिए।

इस अवसर पर गृह विज्ञान प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह, प्रयोगशाला सहायिका श्रीमती नीतू सहानी एवं गृह विज्ञान की सभी छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री शारदा रानी, संचालन सुश्री स्मिता दुबे एवं आभार ज्ञापन डॉ. सांत्वना श्रीवास्तव ने किया।

**(डॉ. सुधा शुक्ल)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी